
GP
Kaimganj, Uttar Pradesh, India
G8XJ+3FF, Kaimganj, Uttar Pradesh 209502, India
Lat 27.547944°
Long 79.33086°
06/02/24 10:35 AM GMT +05:30










GPS Map Camera
Jahan Ganj, Uttar Pradesh, India
Google



# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट - कोतवाली फतेहगढ़

## दिनांक :- 06.02.2024

### कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0- 26/24 धारा- 452/323/308/304/34 भादवि से सम्बन्धित नामजद / वांछित अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर **श्री आलोक सिंह** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर **श्री जोगेन्द्र कुमार** के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक **डा0 संजय सिंह** व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर **श्री प्रदीप सिंह** के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 26/2024 धारा- 452/323/308/304/34 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त 1.दिनेश कुमार पुत्र रघुनन्दन, 2.अभियुक्ता मिथलेश पत्नी दिनेश कुमार व 02 बाल अपचारी निवासीगण नगला बाग रठौरा कोतवाली मोहम्मदाबाद को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।



### गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-

1. दिनेश कुमार पुत्र रघुनन्दन निवासी नगला बाग रठौरा कोतवाली मोहम्मदाबाद।
2. मिथलेश पत्नी दिनेश कुमार निवासी नगला बाग रठौरा कोतवाली मोहम्मदाबाद।

3. बाल अपचारी पुत्र दिनेश कुमार निवासी नगला बाग रठौरा कोतवाली मोहम्मदाबाद।

4. बाल अपचारी पुत्री दिनेश कुमार निवासी नगला बाग रठौरा कोतवाली मोहम्मदाबाद।

**घटना का विवरण:-** दिनांक 04.02.2024 को समय 07.00 बजे शाम अभियुक्त दिनेश कुमार ने अपनी पत्नी व बच्चों के साथ मिलकर एमपी ईट भट्ठा पर ही काम करने वाले सर्वेश कुमार व उसकी पत्नी नागेश्वरी व पुत्री के साथ मारपीट को की गयी थी मारपीट के दौरान नागेश्वरी की मृत्यु हो गयी थी। घटना के सम्बन्ध में मुकदमा वादी श्री सर्वेश पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद निवासी नगला बाग रठौरा कोतवाली मोहम्मदाबाद द्वारा मु0अ0सं0- 26/24 धारा- 452/323/308/304 भादवि बनाम अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र रघुनन्दन आदि उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में कोतवाली फतेहगढ़ द्वारा दिनांक 06.02.2024 को अभियुक्त 1.दिनेश कुमार पुत्र रघुनन्दन, 2.अभियुक्ता मिथलेश पत्नी दिनेश कुमार व 02 बाल अपचारी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** पूछताछ के दौरान अभियुक्त दिनेश द्वारा बताया गया कि मैं अपने परिवार सहित एम0पी0 ईट भट्ठा पर ईंट पथाई का काम करता हूँ तथा अपने परिवार सहित ईट भट्टे पर ही रहता हूँ। मेरे पड़ोस में ही मेरे ताऊ का लड़का सर्वेश भी अपने परिवार सहित रहता है और वह लोग भट्टे पर ईंट पथाई का काम करते है। सर्वेश आये दिन मुझसे काम को लेकर विवाद करता था। दिनांक 04.02.2024 को करीब 07.00 बजे सर्वेश मुझ से विवाद कर रहा था जिस पर मैंने उसे मना किया किन्तु वह नही माना और हम लोग में हाथापाई होने लगी थी तभी सर्वेश की पत्नी नागेश्वरी ने आकर मेरा गला पकड़ लिया था तो मेरी पत्नी व बच्चों ने मुझे बचाने के लिए नागेश्वरी को धक्का मार दिया जिससे वह गिर गयी और उसकी मौत हो गयी।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त दिनेश कुमार उपरोक्त:-**

1. मु0अ0सं0 26/2024 धारा 452/323/308/304/34 भादवि कोतवाली फतेहगढ़।

**गिरफ्तार/बरामद करने वाली पुलिस टीम:-**

1. प्रभारी निरीक्षक हरिश्याम सिंह थाना कोतवाली फतेहगढ़।
2. हे0कां0 सचेन्द्र सिंह
3. कां0 आर्य चौधरी
4. कां0 शशिकान्त पाण्डेय
5. म0हे0कां0 विजयलक्ष्मी

**मीडिया सेल फतेहगढ़**






GPS Map Camera
Shamshabad, Uttar Pradesh, India
Shamsabad, Shamshabad, Uttar Pradesh 209503, India
Lat 27.533707°
Long 79.43905°


IFFCO


GPS Map
Shamshabad, Uttar Pradesh, India











GPS Map Camera
Punpal Pur, Uttar Pradesh, India
87WJ+J94, Aliganj - Sankisa - Mohammadabad Rd, Punpal Pur, Uttar Pradesh 209652, India
Lat 27.346487°
Long 79.280862°
06/02/24 06:53 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Kaimganj, Uttar Pradesh, India
H82M+668, Railway Rd, Kaimganj, Uttar Pradesh 209502, India
Lat 27.550547°
Long 79.333021°
06/02/24 07:14 PM GMT +05:30
Google